दैनिक
RNI No. MPHIN/2018/77427
सच कहने का साहस
# चम्बल नवराष्ट्र
CHAMBAL NAVRASHTRA
web portal : cnnews.co.in
Email : guptavineet087@gmail.com
Share Events & News 8889307028
वर्ष -6 अंक-225
भोपाल, शुक्रवार 26 जुलाई 2024
पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

# राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल-अशोक हॉल का नाम बदला:गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कहलाएंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के दो हॉल का नाम बदलने का ऐलान किया है। अब से दरबार हॉल को गणतंत्र मंडप और अशोक हॉल को अशोक मंडप के नाम से जाना जाएगा। इसे लेकर राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से प्रेस रिलीज जारी की गई है।

रिलीज के मुताबिक, राष्ट्रपति भवन के परिवेश में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और प्रकृति की झलक दिखाई दे, इसलिए दोनों हॉल के नाम बदले गए हैं। रिलीज में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, जो कि भारतीय राष्ट्रपति का कार्यालय और आवास है, वह देश का प्रतीक है और लोगों की अमूल्य धरोहर है। ऐसे में लगातार कोशिशें की जा रही हैं कि राष्ट्रपति भवन में भारतीय संस्कृति की झलक दिखें। इसे लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि इस देश में दरबार का कॉन्सेप्ट नहीं है, लेकिन शहंशाह का कॉन्सेप्ट है।



रिलीज के मुताबिक, दरबार हॉल में नेशनल अवॉर्ड दिए जाने जैसे अहम समारोह और उत्सव आयोजित किए जाते हैं। भारतीय शासकों और ब्रिटिशर्स की तरफ से लगाए जाने वाले दरबार और सभाओं के नाम पर इस हॉल को %दरबार% नाम दिया गया था, लेकिन 1950 में देश के गणतंत्र बनने के बाद इस नाम का औचित्य नहीं रह गया। इसलिए इस हॉल के लिए %गणतंत्र भवन% सटीक नाम है।

अशोक हॉल सबसे पहले एक बॉलरूम था, जहां ब्रिटिशर्स बॉल डांस आयोजित करते थे। अशोक शब्द का अर्थ है %वह जो सभी शोकों से मुक्त हो या जिसे कोई शोक या दुख न हो%। यह सम्राट अशोक के नाम की भी याद दिलाता है जो एकता और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का प्रतीक हैं। भारतीय गणराज्य का राष्ट्रीय प्रतीक भी सारनाथ का अशोक स्तंभ है। साथ ही यह शब्द अशोक वृक्ष से भी जुड़ा हुआ है, जिसका भारतीय धार्मिक परंपराओं के साथ कला और संस्कृति में भी गहरा महत्व है।

## 3 दिन में सोना 5,000, चांदी 6,400 रुपए सस्ती



**मुंबई।** बजट में सोना-चांदी की कस्टम ड्यूटी (इम्पोर्ट टैक्स) घटने के बाद 3 दिन में सोना 5,000 रुपए और चांदी 6,400 रुपए सस्ती हो चुकी है। सरकार ने बजट में सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी को 15प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया है। इससे भाव में ये गिरावट आई है। बजट के दो दिन बाद, यानी आज 25 जुलाई को सोना 974 रुपए गिरकर 68,177 रुपए पर आ गया है। 23 जुलाई को इसमें 3,616 रुपए और 24 जुलाई को 451 रुपए गिरावट आई थी। वहीं चांदी आज 3,061 रुपए गिरकर 81,801 रुपए प्रति किलो पर आ गई है।

### मानसून सत्र, निशिकांत दुबे बोले-

## बांग्लादेशियों की घुसपैठ बढ़ रही झारखंड में आदिवासी 10प्रतिशत कम हुए, घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं के साथ शादी कर रहे

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का गुरुवार को चौथा दिन है। दोनों सदनों में बजट पर बहस जारी है। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि संविधान खतरे में है। हम यहां हंसने की बात करते हैं, पिछड़ों की बात करते हैं, दलितों की बात करते हैं, आदिवासियों की बात करते हैं। सभी सरकारों (चाहे केंद्र की हो या राज्य सरकारें) का एक ही लक्ष्य होता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना होता है। मैं संथाल परगना से आता हूं। जब संथाल परगना (झारखंड) बिहार से अलग हुआ, तब यहां आदिवासी 36प्रतिशत थे। आज यहां आदिवासियों की पॉपुलेशन



26प्रतिशत है। 10प्रतिशत आदिवासी कहां गायब हो गए? इसके बार में ये सदन कभी चर्चा नहीं करता, चिंता नहीं करता, बल्कि वोट बैंक की पॉलिटिक्स करता है।

झारखंड की सरकार की तरफ से भी इस पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। बांग्लादेश का घुसपैठ लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं के साथ शादी कर रहे हैं। ये हिंदू-मुसलमान का मामला नहीं है। हमारे यहां जो महिला लोकसभा का चुनाव आदिवासी कोटे से लड़ती हैं, उनके पति मुसलमान हैं। जिला परिषद की अध्यक्ष के पति मुसलमान हैं। हमारे यहां 100 आदिवासी मुखिया है, उनके पति मुसलमान हैं।

पंजाब के पूर्व सीएम और जालंधर से कांग्रेस सांसद ने कहा- पंजाब में सिद्धू मूसेवाला जैसे युवाओं को मारा जा रहा है। किसानों को खालिस्तानी बताया जा रहा है।

## सीएम अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं, न्यायिक हिरासत आठ अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। अब आठ अगस्त को सुनवाई होगी। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल की पेशी हुई। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार किया था।

सीएम केजरीवाल के अलावा पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई और के.कविता की भी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है इससे पहले 12 जुलाई को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को



25 जुलाई तक बढ़ा दी थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है।

केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया था। वह अपनी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों के सिलसिले में पेश हुए थे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 जुलाई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें आबकारी नीति मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। वहीं सीबीआई ने कहा कि पूरे साक्ष्य आने पर ही कानून के तहत गिरफ्तारी की।

## गुजरात में बारिश से 8 मौतें; हिमाचल में बादल फटा

### पुणे में 24 घंटे में 453 मिमी बारिश, 4 की जान गई, आर्मी-NDRF तैनात

**नई दिल्ली।** गुजरात में पिछले 3-4 दिनों से तेज बारिश का दौर जारी है। इससे वडोदरा, सूरत, भरूच और आणंद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। वडोदरा में ही 24 घंटे में 13.5 इंच बारिश हो गई ई। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 8 लोगों की मौत हुई है।

इधर, महाराष्ट्र के पुणे में 24 घंटे में 453 मिमी बारिश हो गई। यहां बारिश से जुड़ी घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। पुणे में मुथा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। खड़कवासला बांध के ओवरफ्लो होने के कारण कई इलाके बाढ़ की चपेट में है। यहां लोगों की मदद के लिए आर्मी



और NDRF की तैनाती की गई है।

कर्नाटक में तेज बारिश के कारण कावेरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते मैसूर में स्थित कृष्णराज सागर डैम 100 प्रतिशत क्षमता तक भर गया है। डैम में बुधवार सुबह 8 बजे तक 124.80 फीट तक पानी भर गया था। पिछले साल सीजन के इस समय तक डैम 95 फीट तक ही भरा था। मौसम विभाग का कहना है कि कश्मीर के कई जिलों श्रीनगर, कुपवाड़ा, बडगाम और पुलवामा में तापमान 36 डिग्री तक जा सकता है। वहीं, कुलगाम, शोपियां, अनंतनाग, बांदीपोरा और बारामूला में 3 दिन तक टेम्प्रेचर 35 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

मध्यप्रदेश में एवरेज 14.6 इंच यानी इस मानसून सीजन की 35त्न बारिश हो चुकी है। 21 जून को मानसून प्रदेश में एंटर हुआ था। 5 दिन से पूरा प्रदेश भीग रहा है। नर्मदा का जलस्तर 2 फीट बढ़ गया है। दूसरी नदियों और बांधों में भी लगातार पानी का लेवल बढ़ रहा है। गुरुवार को भोपाल, जबलपुर समेत 18 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है

### खनिजों पर टैक्स के मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला:कहा-

## मिनरल्स पर दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स नहीं, राज्यों को टैक्स लगाने का हक है

**नई दिल्ली।** खनिजों पर टैक्स वसूलने के मामले पर गुरुवारको सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया है। CJI ने कहा है कि बेंच ने 8-1 के बहुमत से फैसला किया है कि खनिजों पर लगने वाली रॉयल्टी को टैक्स नहीं माना जाएगा।



CJI ने कहा है कि माइंस और मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन एक्ट (MMDR) राज्यों की टैक्स वसूलने की शक्तियों को सीमित नहीं करता है। राज्यों को खनिजों और खदानों की जमीन पर टैक्स वसूलने का पूरा अधिकार है। खदानों और खनिजों पर केंद्र की ओर से अब तक टैक्स वसूली के मुद्दे पर 31 जुलाई को सुनवाई होगी। दरअसल, अलग-अलग राज्य सरकारों और खनन कंपनियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में 86 याचिकाएं पहुंची थीं। कोर्ट को को तय करना था कि मिनरल्स पर रॉयल्टी और खदानों पर टैक्स लगाने के अधिकार राज्य सरकार को होने चाहिए या नहीं।

# हॉकर्स जोन में शिफ्ट होंगे स्ट्रीट वेंडर

## दुकान के बाहर सामान रखने पर होगी कार्यवाही, सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड ने सडक सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान निर्देश दिये कि शहर में यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा शहर की सडको पर लाइन डालकर मार्किंग की गई है, मार्किंग के बाहर अतिक्रमण की स्थिति में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि नगरपालिका द्वारा मुनादी कराकर दुकानदारो को समझाइश दी जाये कि दुकानदार अपना सामान दुकान के बाहर न रखें। इसके उपरांत नगरपालिका द्वारा कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए एसडीएम के नेतृत्व में यातायात पुलिस एवं नगरपालिका का दल गठित किया जायेगा। इसके अलावा उन्होने जिले में सडको से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि पुल, पुलियाओं पर सावधानी के संबंध में संकेतक बोर्ड लगाये जाये।




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आंनद, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एडिशनल एसपी श्री सतेन्द्र सिंह तोमर, एसडीएम श्री उदयवीर सिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, एसडीओपी श्री राजीव कुमार गुप्ता, आरटीओ श्री आरएस चिकवा, तहसीलदार श्री अर्जुन सिंह भदौरिया सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आंनद ने निर्देश दिये कि गुड सेमेरेटिन योजना का प्रचार-प्रसार किया जाये, सडको पर ब्लैक स्पोट चिन्हित किये जायें। उन्होने कहा कि खातौली तिराहे के पास चिन्हित किये गये ब्लैक स्पोट पर एमपीआरडीसी द्वारा सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किये जायें। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्ट्रीट वेंडर्स को पापूजी पार्क स्थित हॉकर्स जोन में शिफ्ट कराने की कार्यवाही की जायें। इसके तहत सडक किनारे लगने वाले फल एवं अन्य खानपान की वस्तुओ के ठेले हॉकर्स जोन में शिफ्ट कराये जायेंगे।

बैठक में तय किया गया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकीकृत बस स्टैण्ड को भी व्यवस्थित किया जायें। बस स्टैंड के बाहर लगने वाले सब्जी और फलो के ठेलो को बस स्टैण्ड के अंदर शिफ्ट किया जायेगा तथा यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से बसो का संचालन व्यवस्थित किया जायेगा। इसके साथ ही सिटी एरिया में सडको पर प्रकाश व्यवस्था करने, पुलिस लाइन रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाने, वायपास रोड पर पेंच रिपयरिंग किये जाने के संबंध में भी निर्णय लिये गये।

बैठक में एनएचआई के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि पाली रोड सलापुरा नहर पर यातायात को सुलभ बनाने के लिए पुल को चौडा किया जायेगा, जिसकी चौडाई 15 मीटर के लगभग रहेगी। सडक निर्माण से जुडे विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि पुल पुलियाओं पर सुरक्षा की दृष्टि से संकेतक लगाये गये है। वर्षाकाल में पुन: एक बार सर्वे कराकर आवश्यकतानुसार संकेतक लगाने की कार्यवाही शीघ्रता से की जायेगी।

# राजस्व महाअभियान में लापरवाही पर दो पटवारी निलंबित

**श्योपुर।** एसडीएम श्योपुर एवं कराहल श्री उदयवीर सिंह सिकरवार द्वारा राजस्व महाअभियान तथा अन्य कार्यो में लापरवाही बरतने पर तहसील श्योपुर एवं तहसील कराहल अंतर्गत दो पटवारियों को निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

जारी आदेश के अनुसार तहसील श्योपुर अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 66 मयापुर एवं हल्का नंबर 62 सेमल्दा हवेली के पटवारी श्री रामलखन शाक्य को राजस्व महाअभियान में नक्शा तरमीम की कार्यवाही नही करने, जनसुनवाई के दौरान टीएल प्रकरणों एवं अन्य आवेदनो का समय सीमा में निराकरण नही करने तथा सीमांकन नही करने के चलते निलंबित किया गया है। निलंबन काल में पटवारी श्री शाक्य का मुख्यालय तहसील कार्यालय श्योपुर नियत किया गया है। इसके साथ ही पटवारी हल्का नंबर 66 मयापुर का अतिरिक्त प्रभार पटवारी श्री आशीष मंगल को तथा पटवारी हल्का नंबर 62 सेमल्दा हवेली का अतिरिक्त प्रभार पटवारी श्री रामअवतार सुमन को सौपा गया है।

इसी प्रकार तहसील कराहल अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 31 रानीपुरा एवं पटवारी हल्का नंबर 28 निमानिया के पटवारी श्री मनीष गुप्ता को राजस्व महाअभियान के तहत नक्शा, बंटाकन की प्रगति न्यूनतम रहने के चलते निलंबित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय तहसील कराहल नियत किया गया है। इसके साथ ही उक्त दोनो हल्को का प्रभार पटवारी श्री अजय भारद्वाज को सौपा गया है।

# डंपर की टक्कर से 55 वर्षीय वृद्ध की मौत, पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

**मुरैना।** मुरैना के पोरसा में एक 55 वर्षीय वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वृद्ध को एक डंपर ने टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद डंपर चालक डंपर को लेकर भाग गया। बाद में वृद्ध का जिला अस्पताल ग्वालियर में इलाज चल लेकिन बच नहीं सके तथा बीते दिन उनकी मौत हो गई।



बृजभूषण सिंह (55) पुत्र विशंभर सिंह निवासी नंद का पुरा पोरसा के रहने वाले थे। वह पोरसा के शासकीय सिंधिया स्कूल में भृत्य के पद पर पदस्थ थे। 21 जुलाई 2024 को वह अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर स्कूल जा रहे थे। मोटरसाइकिल उनका भतीजा चला रहा था। उसी समय भिंड रोड पर पेट्रोल पंप के पास सामने से डंपर ने बाइक को टक्कर मारी। इससे पीछे बैठे बुजुर्ग बृजभूषण सिंह उछलकर गिर पड़े। घटना दोपहर 11:30 के लगभग की है। घटना के बाद डंपर चालक भाग गया।

उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उनका भतीजा उन्हें 108 एम्बुलेंसमें रखकर जिला अस्पताल लाया। वहां पर डॉक्टरों ने ग्वालियर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान 24 जुलाई को उन्होंने दम तोड़ दिया।

# नक्शा, बंटाकन में लापरवाही पर पटवारी सस्पेंड

**श्योपुर।** एसडीएम विजयपुर श्री बीएस श्रीवास्तव द्वारा राजस्व महाअभियान अंतर्गत नक्शा, बंटाकन की कार्यवाही नही करने पर तहसील वीरपुर अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 25 वीरपुर एवं हल्का नंबर 29 ग्राम पुरा की पटवारी श्रीमती दुर्गेश सिकरवार को निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। एसडीएम विजयपुर श्री बीएस श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजस्व महाअभियान के तहत नक्शा, बंटाकन की प्रगति न्यूनतम रहने पर वीरपुर एवं पुरा की पटवारी श्रीमती दुर्गेश सिकरवार को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय वीरपुर नियत किया गया है तथा वीरपुर हल्के का प्रभार पटवारी श्री रामबरन धाकड को एवं पुरा हल्के का प्रभार पटवारी श्री हरीराम लागुरिया को सौपा गया है।

# स्काउट गाइड अंतर्गत प्राचार्य संगोष्ठी का आयोजन

**श्योपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ श्योपुर के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट रविन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्राचार्य संगोष्ठी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान सहायक संचालक श्री यश जैन उपस्थित रहें। संगोष्ठी में पूरे जिले से 64 विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित हुए।

इस अवसर पर जिला आयुक्त श्री डीके सक्सेना, संचालक मण्डल के रूप में श्री सुग्रीव लाल जाटव, श्री रामसिंह मीना, श्रीमती रुकमणि माहौर, सुश्री रीना प्रजापति, सुश्री चंद्रा मंगल उपस्थित थे। स्काउट प्रार्थना के साथ बैठक का प्रारंभ किया गया तथा स्कार्फ पहनाकर डीईओ श्री तोमर एवं सहायक संचालक श्री जैन का स्वागत किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए डीईओ श्री तोमर ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगिण विकास होता है तथा उन्हें जीवन कौशल की बारिकीया सीखने के अवसर मिलते है। उन्होने कहा कि हर विद्यालय में स्काउट गाइड के दल संचालित होना चाहिये। जिससे स्काउटिंग से समाज को लाभ मिल सकें। बैठक के प्रारंभ में श्री डीके सक्सेना द्वारा स्काउट आंदोलन से सभी प्राचार्य का परिचय करवाया गया तथा जिला संगठन के संबंध में जिला सचिव श्री रोशन लाल गर्ग द्वारा जानकारी प्रदान की गयी।

बैठक में ट्रेंड स्काउटर एवं गाइडर के नियुक्ति के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा सभी विद्यालयो में स्काउट गाइड गतिविधियों के संचालन के संबंध में अपेक्षा की गई। मंच संचालन डीओसी श्री ओपी सिकरवार द्वारा किया गया।

# मजदूरों से भरी पिकअप ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, 2 की मौत एक दर्जन घायल

## सभी घायलों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से ग्वालियर किया गया रैफर

गोहद/भिण्ड। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र में भिण्ड-ग्वालियर नेशनल हाईवे 719 पर हरगोविंद पुरा के पास गुरवार को पिकअप वाहन ने एक खड़े ट्रक में सामने से टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौत हो गई, वहीं डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार भिण्ड की ओर से मजदूरों से भरी तूफान जीप (पिंकअप) क्रमांक यूपी 25 एएच 9568 ने ट्रक क्रमांक एमपी 07 एचबी 5576 में टक्कर मार दी। यह हादसा गुरवार की अल सुबह 4 बजे का है। गिट्टी से भरे खड़े ट्रक में सामने से जोरदार टक्कर में दिनेश सिंह यादव पुत्र फेरूलाल यादव उम्र 37 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गम्भीर रूप से घायल रंजीत सिंह पुत्र रामदुलारी उम्र 38 वर्ष की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हुई। टक्कर इतनी




जबरदस्त थी कि जीप के परखच्चे उड़ गए। इस सड़क दुर्घटना में विनोद पुत्र दयाराम निवासी लखीमपुर, अजय पुत्र मनोहर लाल उम्र 19 वर्ष निवासी लखीमपुर, अजय पुत्र पातीराम उम्र 24 वर्ष निवासी लखीमपुर, हिमांशु पुत्र आसाराम उम्र 35 वर्ष निवासी लखीमपुर, सोनू निवासी लखीमपुर, संदीप पुत्र हरिश्चंद्र उम्र 22 वर्ष निवासी गहोई पतियां, आनंद पुत्र रामस्वरूप उम्र 16 वर्ष निवासी धरमपुर, अतुल पुत्र राजेंद्र उम्र 14 वर्ष निवासी लखीमपुर, अजय पुत्र मेवालाल, निवासी दौलतपुर, के अलावा कश्यप, सूरज, अंकित, रिंकू सहित एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। इस घटना की जैसे ही गोहद चौराहे थाना प्रभारी बृजेन्द्र सेंगर को जानकारी मिली, वह तत्काल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने राहगीरों की सहायता से घायलों को गोहद अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी घायलों की गम्भीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया। बताया गया है कि सभी मजदूर लखीमपुर उत्तर प्रदेश से मजदूरी करने के लिए गोहद क्षेत्र में आ रहे थे। तभी अचानक यह घटना घटित हो गई।

नेशनल हाईवे 719 पर सबसे अधिक दुर्घटना हो रही है। अभी रविवार को स्लीपर कोच बस की एक ट्रक से भिड़ंत हो गई थी। जिसमें पीछे से आ रही स्कॉर्पियो जीप तथा बस में सवार एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इसके अलावा इसी हाईवे पर अन्य कई दुर्घटनाएं भी पिछले दिनों में हुई है। फिर भी इस हाइवे को सिक्स लेन या फोर लेन नहीं बनाया जा रहा। कई बार समाजसेवियों द्वारा कई बार नेशनल हाईवे 719 को सिक्स लेन या फोर लेन करने की मांग को लेकर आंदोलन कर चुके हैं। तथा ज्ञापन के माध्यम से स्थानीय नेताओं व प्रशासन को भी अवगत करा चुके हैं, फिर भी पिछले दिनों पेश हुए केंद्र सरकार के बजट में इस हाईवे 719 के लिए क्या प्रावधान किया गया है, इसका कोई जिक्र नहीं किया गया।

# महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास क्र.-2 का प्रभार श्रीमती कुशवाह को

**भिण्ड।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने श्रीमती पूनम भदौरिया प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला मूंगाराम का पुरा विकास खण्ड भिण्ड एवं प्रभारी अधीक्षक शासकीय महाविद्यालयीन छात्रावास कन्या क्रमांक-2 भिण्ड को अपनी मूल संस्था प्राथमिक शाला मूंगाराम का पुरा विकासखण्ड भिण्ड के लिए कार्य मुक्त कर दिया है। श्रीमती भदौरिया के कार्य मुक्त होने के फलस्वरूप शासकीय महाविद्यालयीन छात्रावास कन्या क्रमांक-2 भिण्ड का प्रभार श्रीमती रक्षा कुशवाह प्राथमिक शिक्षक एवं प्रभारी अधीक्षक शासकीय जूनियर कन्या छात्रावास क्रमांक-7 भिण्ड को आगामी अन्य आदेश तक सौंपा गया है।

# लिंगानुपात को कम करने के लिये सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता - कलेक्टर

## पीसी-पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन




ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र) खुशी की बात है कि वर्तमान समय में बेटियां शिक्षा, स्पोर्ट्स, शासकीय सेवा या अन्य क्षेत्रों में अपना नाम रोशन कर रही हैं। बेटियों को पीसी-पीएनडीटी एक्ट के संबंध में भी जानकारी हो, इसके लिये हमें सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गर्ल्स काउण्टर नईदिल्ली एवं महादेव समर्पण सेवा संस्था ग्वालियर के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिंगानुपात बढ़ाने एवं पीसी-पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आयोजित कार्यशाला में यह बात कही।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि हमें अपनी प्लानिंग में बदलाव कर ऐसा प्रभावी बनाना होगा, ताकि इसका लाभ समाज तक पहुँच सके। इसके लिये साप्ताहिक, मासिक व त्रैमासिक कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि ग्वालियर जिले में बालक-बालिकाओं के अंतर को कम करने के लिये हम सबको एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। प्रशासन या विभाग अकेले इस दिशा में कोई बदलाव नहीं ला सकेगा। हम सबको मिलकर मिशन मोड पर काम करना होगा। जिला प्राधिकरण अधिकारी पीसी-पीएनडीटी एक्ट एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के राजौरिया ने कार्यशाला में कहा कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट का पालन कराने के लिये स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है।

कार्यशाला में डॉ. के के दीक्षित ने कहा कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है, ताकि किसी भी महिला के साथ कोई गलत व्यवहार न हो। इस एक्ट के तहत सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाता है। इस मौके पर पीसी-पीएनडीटी एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. प्रबल प्रताप सिंह ने एक्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# जैन मिलन महिला महानगर शाखा ग्वालियर की ओर से किया वाटर कूलर भेट




**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )** जैन मिलन महिला महानगर शाखा ग्वालियर की ओर से जैन तीर्थ सोनागिर स्थित दिगंबर तेरहपंथी कोठी जैन मंदिर में दर्शनार्थियों के लिए शीतल पेयजल वाटर कूलर लगाया गया। जिसका शुभारंभ दतिया के कलेक्टर जिलाधीश के द्वारा किया गया।।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि दर्शनार्थियों के लिए शीतल पेयजल वाटर कूलर का शुभारंभ मुख्य अतिथि दतिया कलेक्टर संदीप माकिन, जैन मिलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र जैन, राष्ट्रीय संरक्षक बालचंद जैन, तेरहपंथी कोठी सोनागिर अध्यक्ष प्रवीण गंगवाल सचिव अंकित पाटनी ने फीता खोलकर कर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। वही अतिथियों का सम्मान जैन मिलन महिला महानगर की संस्थापक अध्यक्ष मंजू पाटनी, अध्यक्ष मृदुल पहाड़िया, सचिव आराधना क्षेत्रपाल्या, कोषाध्यक्ष रक्षा पाटनी ने श्रीफल भेंटकर माला पहनाकर सम्मानित किया।

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई



**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)** सहायक आबकारी आयुक्त, जिलाङ्कग्वालियर राकेश कुर्मी के मार्गदर्शन प्रभारी नियंत्रण कक्ष सुनील भट्ट के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह तथा परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध मदिरा की सूचना पर अलीजाबाग, लक्ष्मी होटल के पीछे, शिन्दे की छावनी, जिला ग्वालियर में आबकारी बल द्वारा दबिश दी गई। जिसमें 24बोतल स्पिरिट, 72 बोतल बीयर बोतल, 144 केन बीयर बरामद हुई। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग पचास हज़ार है।

कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपी राजू उर्फ राजेंद्र राय को गिरफ्तार कर ,विवेचना में लिए गए। उक्त कार्यवाही आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी सुनील दत्त भट्ट के नेतृत्व में की गई, जिसमें आबकारी उपनिरीक्षक आमीन खां, शिवा रघुवंशी, सत्येंद्र सिंह मीणा , सुची जैन तथा मुख्य आरक्षको तथा आरक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक शाम मोहम्मद रफी साहब के नाम 31 जुलाई को

**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** गायक कलाकार मित्र समूह द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 जुलाई को स्वर्गीय मोहम्मद रफी साहब की पुण्यतिथि पर गुढ़ी गुढ़ा का नाका स्थित आश्रम स्वर्ग सदन पर एक शाम मोहम्मद रफी साहब के नाम का आयोजन किया गया है ।

कार्यक्रम में गायक कलाकार मित्र समूह के सदस्य रफी साहब के गीतों की प्रस्तुति देकर रफी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे । कार्यक्रम में सुरेश घोड़के, राजवल्लभ चौहान, शिवा सिंह, बीरेंद्र बाथम, हर्षिका दुबे, अर्चना चौधरी, अजय बांगर, अमिता गवाल्हेरकर,प्रीति गोस्वामी, पद्माकर खंडालकर, प्रवीण सक्सेना, डॉक्टर वीर नारायण, उत्कर्ष चौधरी, अवध गुप्ता ,इंद्राणी दोहरे, मदन साहू, विशाखा जी रफी साहब के गीतों की प्रस्तुति देंगे । मंच संचालन अनुराधा घोड़के करेंगी और संगीत संयोजन रवि गर्ग का है ।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में 53 वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ




ग्वालियर(चम्बल नवराष्ट्र)। 53 वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता भोपाल संभाग के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 ग्वालियर में खेल की प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. इंदु बोरा, कुलपति , लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ,ग्वालियर एवं अध्यक्ष ,विद्यालय प्रबंधन समिति के मुख्य आतिथ्य में हुआ। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के माननीय प्राचार्य राजेश पांडेय द्वारा पौधा प्रदान कर मुख्य अतिथि डॉ. इंदु बोरा का हरित स्वागत किया गया ।तत्पश्चात सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यालय के नन्हें नन्हें बालक- बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत आओ सोने की चिड़िया के देश में प्रस्तुत किया गया। खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने समा बांधा।

डॉ.इंदु बोरा ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए खेल मैदान में हर तरह की चुनौती के लिए तैयार रहने के लिए कहा। साथ ही खिलाड़ी को भावनात्मक तौर पर सफल या असफल होने की चुनौती के लिए सदैव सकारात्मक रूप से तैयार रहने की सलाह दी। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. बोरा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसके पश्चात गुब्बारे छोड़ते हुए 53 भी संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। उप प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 पवन जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ.भारती यादव, उपप्राचार्य श्री पवन जैन ,विद्यालय के समस्त वरिष्ठ शिक्षक वृंद उपस्थित रहे। डॉ. एस. के.बघेल ने खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह का सफलतापूर्वक संचालन किया ।

## यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाया



**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव के निर्देशन में शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज महापौर बंगले के बाहर बाल भवन सिटी सेन्टर पर खड़े यातायात मे बाधक हाथ ठेलों, बान्स-बल्ली की टटियाओं, छप्परों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवा कर यातायात को सुगम बनाया गया।

# कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर भाजयुमो ने निकाला मशाल जुलूस

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा गुरुवार को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। युवा मोर्चा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय मुखर्जी भवन से एक मशाल जुलूस निकाला गया। जो कि सराफा बाजार, पारख जी का बाड़ा, दौलतगंज, महराज बाड़ा, हेमू कालाणी चौक से होते हुए भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पर समाप्त हुआ। मशाल जुलूस के समापन पर मुखर्जी भवन पर वीर शहीदों की स्मृति में एक विजय दीप प्रज्वलित किया गया, जो कि 25 जुलाई की शाम से 26 जुलाई की शाम तक लगातार अखंड रूप से 25 घंटे तक प्रज्वलित रहेगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं तो उसकी पीछे हमारे अमर शहीद जवानों का बलिदान है। उन्होंने कहा कि हम यदि चैन से सो पा रहे हैं तो उसके पीछे हमारे जवानों का परिश्रम है। हम यदि सुकून से जी रहे हैं तो उसके पीछे हमारे जवानों का संघर्ष है। आज देश का हर एक नागरिक अमर शहीद जवानों का कृतज्ञ है।

वहीं इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की थी। इस वर्ष युवा मोर्चा कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर मशाल जुलूस का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवाओं को हमारे वीर सैनिकों की वीरता की जानकारी मिल सके।




## शहीद के परिवारजनों का सम्मान आज

भाजयुमो द्वारा 26 जुलाई को शाम 5.30 बजे जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में जिले भर के उन जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दी है। इस अवसर पर भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व मौजूद रहेगा।

## एफ पी ए आई के 75वें स्थापना दिवस पर किया बृक्षारोपण



**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ग्वालियर ब्रांच द्वारा 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में फैमिली प्लानिंग में शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित के मार्गदर्शन में मेला ग्राउंड में वृक्षारोपण किया गया। ब्रांच के कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि एक वृक्ष सौ जीवन के समान होता है एक वृक्ष लगाने पर 100 लोगों को जिंदगियां मिलती हैं । पैरामेडिकल के कोऑर्डिनेटर एंड प्लेसमेंट ऑफिसर पंकज अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष जीवन को हरा भरा बनाते हैं और वृक्ष से ही जिंदगी या रोशन होती हैं ।वृक्षारोपण में अमन शर्मा, तबस्सुम खान, दीपमाला प्रजापति, रोशनी कुशवाहा अपना विशेष सहयोग दिया ।

## संपादकीय

# 'नीट' अब क्लीन

नीट परीक्षाओं को लेकर देशव्यापी हंगामे व राजनीतिक बयानबाजियों के बावजूद यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश के लिये आयोजित हुई नीट परीक्षा को दुबारा कराने की मांग खारिज कर दी है। हालांकि, मंगलवार को आए फैसले का मानवीय पक्ष यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने 24 लाख अभ्यर्थियों को होने वाली परेशानी को प्राथमिकता दी है। इसके बावजूद शीर्ष अदालत का फैसला भारत में परीक्षा प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करता है। कोर्ट के व्यावहारिक फैसले के बावजूद इस विवाद ने हमारी शैक्षिक व परीक्षा प्रणाली के भीतर व्याप्त विसंगतियों को भी उजागर किया है। बहरहाल, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी कि लीक परीक्षा प्रणाली का उल्लंघन नहीं है, एक अस्थायी राहत जरूर प्रदान करता है। लेकिन इस सिस्टम में अंतर्निहित कमजोरियों को संबोधित किया जाना जरूरी है। इसके बावजूद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी यानी एनटीए और आईआईटी दिल्ली द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार बिहार के हजारीबाग और पटना में लीक महत्वाकांक्षी चिकित्सा पेशेवरों के लिये होने वाली महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजन के तौर-तरीकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न तो उठाते ही हैं। प्रभावित छात्रों के मामलों को निपटाने के लिये, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी पर न्यायालय की निर्भरता समस्या के दीर्घकालीन समाधान के बजाय एक कामचलाऊ दृष्टिकोण को ही दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर गत जून माह में यूजीसी-नेट परीक्षा का रद्द होना भी चिंताओं को और बढ़ा देता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को अज्ञात सूत्रों से मिले तथ्यों के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की थी। हालांकि यह कदम छात्रों के हितों की तात्कालिक रक्षा की दृष्टि से सार्थक है लेकिन यह घटनाक्रम हमारी परीक्षातंत्र के बुनियादी ढांचे की कमजोरी को ही उजागर करता है। कह सकते हैं कि परीक्षा तंत्र की संवेदनशीलता के मद्देनजर ऐसे तदर्थवाद व पारदर्शिता की कमी छात्र समुदाय में अविश्वास व चिंता को बढ़ाते हैं। बहरहाल, हाल की ये घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं तथा परीक्षाएं आयोजित करने वाले तंत्र के ढांचे में व्यापक बदलाव की जरूरत को बताती हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एन.टी.ए. की संरचना की समीक्षा के लिये एक उच्च स्तरीय समिति की स्थापना की जाएगी, निश्चित रूप से यह संस्था की विश्वसनीयता बनाये रखने की दिशा में एक उचित कदम है। हालांकि, इसके साथ ही परीक्षाओं में सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिये मजबूत उपायों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। निस्संदेह, गाहे-बगाहे होने वाले परीक्षा घोटाले न केवल शैक्षणिक संस्थानों की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं बल्कि शिक्षा और कैरियर के नाजुक मोड़ पर खड़े युवा उम्मीदवारों के भविष्य को भी प्रभावित करते हैं। भारत एक युवाओं का देश है।

# हाट मैदान सब्जी मण्डी अतिक्रमण का मामला फिर सुर्खियों में

## अतिक्रमणकारी के हौसले इतने बुलंद की नाले को भी नही छोड़ा

### हाटपुरा अतिक्रमण का मामला पहुंचा जनसुनवाई में कलेक्टर के पास

**तराना (चम्बल नवराष्ट्र)।** नगर के हाटपुरा मैदान में नगर परिषद की बिना अनुमति से बन रही दुकान बनाकर अतिक्रमण करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। ऊक्त अतिक्रमण के मामले की शिकायत पुर्व में वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद रानी राजेश मालवीय द्वारा एसडीएम एवं नगर परिषद सीएमओ एवं इंजीनियर को थी लेकिन सुनवई नही होने पर अब इस मामले की शिकायत लेकर पार्षद रानी राजेश मालवीय मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के पास पहुंची जहाँ उन्होंने उनके लैटर पेड पर शिकायत करते हुए बताया कि नगर के पुराना पेट्रोलपंप चौराहा हाटपुरा मेन रोड के पास स्थित पुलिया के पास बगैर किसी अनुमति के पक्का निर्माण किया जा रहा है। एवं शासकिय नाले पर भी अतिक्रमण कर लिया गया हैं इस नाले से कई



वर्षो से नगर कि सभी नालियों का पानी व बारिश का पानी निकलता है अतिक्रमणकर्ता द्वारा नाले के स्वरूप में परिर्वतन कर दिया गया है। पहले नाला लगभग 15 से 20 फीट चौडा था परन्तु वर्तमान में नाला लगभग 3 से 4 फीट चौडा रह गया है जिसके कारण नालीयो व बारिश का पानी नही निकल पा रहा है जिससे लोगो के घरो , हाट बाजार व सब्जी मंडी में पानी भरने की स्थिति बन गई है। व आमजनता को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसलिये बिना अनुमति के बनाए गये संपुर्ण अवैध निर्माण को हटाया जावें। जिससे समस्या का हल हो सके। उधर हाटपुरा निवासियो का कहना हैं हमारे सभी लोगो के घरों का पानी इसी नाले में जाकर मिलता है लेकिन अब इसी पर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे यह लगने वाली प्रतिदिन की सब्जी मंडी में भी पानी आने लगा है और व्यापारी और किसान परेशान हो रहे है

### इनका कहना है

मेने एसडीएम एवं नगर परिषद सीएमओ एवं इंजीनियर को शिकायत की थी लेकिन सुनवई नही होने पर अब इस मामले की शिकायत लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर के पास पहुंची हु।

**रानी राजेश मालवीय**
**पार्षद वार्ड क्रमांक 10**

वर्षो से हाटपुरा और सब्जी मंडी का पानी इसी नाले से होकर जाता है जिस पर भी अब अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे बारिश का पानी हमारे घरों में आ रहा है

**अनिल मालविया रहवासी**

हमने नगर परिषद सीएमओ को भी आवेदन देखकर अवगत कराया है लेकिन उनके द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है वह अगर ज्यादा बारिश हुई तो हमारे घर से पम्प तक जाने मे समस्या आती है व घरों मे नमी आ जाती है जिससे बीमारी का खतरा बना हुआ है अगर संबंधित अतिक्रमण करता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है तो हम सभी वार्ड वासी कलेक्टर को अवगत कराएंगे वो फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई तो भूख हड़ताल पर बैठेंगे

**सोनू यादव , वार्ड वासी**

# 3 स्थाई वारंटी, 25 गिरफ्तारी वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लटेरी।** लटेरी पुलिस द्वारा कॉम्बिग गश्त के दौरान फरार स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियो को किया गिरफ्तार किया गया जिसमे 3 स्थाई वारंटी एवं 25 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। धारा 326 भादवि के लम्बे समय से फरार 2 आरोपियों को किया गया 16 निगरानी बदमाश, 21 गुण्डा बदमाश व 10 जिला बदर चैक किये गए पुलिस अधीक्षक विदिशा दीपक शुक्ला के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी लटेरी अजय मिश्रा के नेतृत्व में थाना शमशाबाद, लटेरी,

आनंदपुर, मुरवास एवं उनारसीकलाँ पुलिस के द्वारा दिनांक 23/07/24 की रात्रि में संयुक्त रूप से



कॉम्बिग गश्त कर 3 स्थाई वारंटी, 25 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। थाना शमशाबाद के आपराधिक प्रकरण धारा 326 भादवि में लम्बे समय से फरार 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं थाना क्षेत्र के 16 निगरानी बदमाश, 21 गुण्डा बदमाश व 10 जिला बदर चैक किये गए जिसमें सराहनीय भूमिका पुलिस टीम निरीक्षक जसवंत सिंह मीना, निरीक्षक सुरेश सिंह सोलंकी, उप निरीक्षक बीडी सिंह, उप निरीक्षक

# अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के सचिव व पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल को जन्मदिन की दी बधाई

**देपालपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के जन्मदिन के अवसर पर पूरे जिले में सैकड़ों जगह पर वृक्षारोपण कर शुभकामनाएं व बंधाई दी गयी गौतमपुरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने गौतमपुरा में एवं देपालपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देपालपुर में और क्षेत्र के बिरगोदा में समाज के वरिष्ठ जनों ने ज्ञयान सागर पब्लिक स्कूल में बच्चों के साथ मिलकर वृक्षारोपण कीया सैकड़ों बच्चों को कापी पैन एवं मिठाईयां वितरित की गयी इसी के साथ शासकीय अस्पतालों में मरीजों के लिए फल बिस्कीट भी वितरीत कीये गये सत्यनारायण पटेल जी तिर्थ स्थानों पर बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं रह सके पटेल के बड़े भाई पूर्व जिला संघ अध्यक्ष राधेश्याम पटेल ने बताया की जल्द बड़ा आयोजन रख सभी का अभिवादन कीया जायेगा





# अमेरिकी सीक्रेट सर्विस चूक के राजनीतिक निहितार्थ

**पुष्परंजन**

भारत में इंटेलिजेंस ब्यूरो यानी आईबी का स्टाफ लगभग 25 हज़ार है। उससे तीन गुना कम अमेरिकी सीक्रेट सर्विस का स्टाफ है। मात्र 8 हज़ार। यूएस गवर्नमेंट एग्जीक्यूटिव की एक रिपोर्ट के अनुसार, '2021 में अमेरिकन सीक्रेट सर्विस में लगभग 7,600 कर्मियों की तैनाती थी, जून, 2024 तक 400 स्टाफ और जुड़े। वित्तीय वर्ष 2026 तक इस संख्या को लगभग 10,000 कर्मचारियों तक बढ़ाने की योजना है।' क्या स्टाफ की कम संख्या की वजह से वीवीआईपी सुरक्षा लचर रही, या फिर ये हैं ही वैसे? पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर हमले के बाद से यह सवाल, अमेरिकी सोशल मीडिया पर ज़ेरे बहस रहा है।

इंटेलिजेंस ब्यूरो के कर्मचारियों की संख्या बढ़ा भर देने से हमले रोके जा सकते हैं थे, तो महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या नहीं हुई होती। वर्ष 1967 की भुवनेश्वर चुनावी रैली को याद कीजिये, जब पत्थरबाज़ी में इंदिरा गांधी की नाक पर गंभीर चोट लगी। सूचना तंत्र मज़बूत होता, तो दो अक्तूबर, 1986 को राजघाट पर करमवीर सिंह नामक शख्स तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर गोली नहीं चला पाता। वहीं 5 जनवरी, 2022 को फ़िरोज़पुर दौरे के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफ़िले में सुरक्षा चूक नहीं हुई होती। लेकिन सवाल है कि जब



अमेरिका महफ़ूज़ नहीं है, तो दुनिया का कौन-सा हिस्सा सुरक्षित है? यह सवाल विक्रम-बेताल की तरह हमारे कंधों पर टंगा रहेगा। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल का इस्तीफा दिया जाना, उन अटकलों को मज़बूत करता गया, जो इनकी क्षमता से लेकर 'कॉन्सपिरेसी थ्योरी' तक केंद्रित थी।ट्रंप पर गोली दागने वाली घटना के प्रकारांतर अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल सोमवार को कांग्रेस की एक समिति के सामने पेश हुईं, तो न तो जनता, और न ही कांग्रेस को इस बारे में ज़्यादा जानकारी मिली। चीटल ने स्वीकार किया कि ट्रम्प की रैली में हुई शूटिंग से हमारे एजेंट बेख़बर थे। अमेरिकी ख़ुफ़िया प्रमुख और आंतरिक मंत्रालय की चुप्पी ने भारत समेत दुनियाभर में अटकलों का बाज़ार गर्म किया था। भारतीय सोशल मीडिया के तुर्रम ख़ान, ख़म ठोक कर कहने लगे कि हो न हो, यह सारा कुछ ट्रंप का किया धरा है, जिससे चुनावी तस्वीर उनके पक्ष में बदल जाये।

रिपब्लिकन इस पर अड़े हुए थे, कि दो साल की अवधि में सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने ट्रम्प के सार्वजनिक कार्यक्रमों में अधिक एजेंटों और मैग्नेटोमीटर के लिए बार-बार अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया, बाहरी स्थानों के लिए अतिरिक्त स्नाइपर्स देने से भी मना किया था। मंगलवार को सीक्रेट प्रमुख पद से इस्तीफा देने से पहले चीटल ने कांग्रेस से कहा, 'जिस दिन यह काण्ड हुआ, जितना अनुरोध ट्रंप की तरफ से किया गया था, उन्हें दिया गया।' सोशल मीडिया इस घटना को लेकर दो खेमों में बंटा हुआ था। जो लोग पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा मानते थे, उन्होंने इसे एक फर्जी घटना बताकर खारिज कर दिया। एक्स और टेलीग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म, 'प्री-प्लांड' और 'मंचित किये जाने' वाले आरोपों के पोस्ट से भर गए। एलन मस्क तक ने एक्स पर सवाल कर दिया, 'एक स्नाइपर को पूरी राइफल किट के साथ राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के सबसे नज़दीकी छत पर रेंगने की अनुमति कैसे दी गई?'

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, शुक्रवार 26 जुलाई 2024



# सोयाबीन का खरपतवार मारने दे दी धान की दवाई, किसानों की 100 बीघा की फसल हुई नष्ट

## किसानों ने कृषि विभाग से की शिकायत, अधिकारियों ने मौके पर जाकर बनाया पंचनामा

**अशोकनगर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मुंगावली तहसील में एक कीटनाशक विक्रेता की लापरवाही से कई किसानों की सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई। दरअसल कृषि सेवा केंद्र के संचालक ने फसल के खरपतवार को नष्ट करने के लिए सोयाबीन की जगह धान में डालने की दवा दे दी जो कि फसल की लिए नुकसानदायक साबित हुई। नतीजतन किसानों की लगभग 100 बीघा की सोयाबीन की फसल नष्ट हो गई। किसानों ने मुंगावली कृषि विभाग को आवेदन देकर उक्त कृषि सेवा केंद्र के संचालक पर कार्रवाई करने और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

मुंगावली विकासखंड के ग्राम गुड़ा टांका निवासी देवेंद्र यादव, भरत यादव, देवेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह लोधी, मलखान सिंह यादव, जयराम सिंह यादव ने एक साथ कृषि विभाग को आवेदन दिया है कि मुंगावली के चंदेरी रोड स्थित हरसुख कृषि सेवा केंद्र से खरपतवार नष्ट करने की दवा








खरीदकर लाए थे। उन्होंने इस दवा का सोयाबीन की फसल में छिड़काव किया था। दवा का छिड़काव करने के बाद सोयाबीन की फसल नष्ट हो गई है।

### कृषि विभाग के अधिकारियों ने किया फसल का निरीक्षण

किसानों की शिकायत के बाद कृषि विभाग मुंगावली के एसएडीओ प्रदीप गर्ग और ग्राम सेवकों की टीम गुड़ा टांका और बमोरी टांका में शिकायतकर्ताओं की फसलों का जायजा लेने पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने फसल का मुआयना करने के बाद पचनामा बनाया। जिसमें किसान देवेंद्र सिंह यादव की 8 बीघा,भरत सिंह यादव की 8 बीघा,देवेंद्र सिंह यादव की 6 बीघा,बीरेंद्र सिंह लोधी की 6 बीघा, मलखान सिंह यादव की 8 बीघा,जयराम सिंह यादव की 8 बीघा और अन्य किसान की फसलें नष्ट हो गई हैं। कृषि विभाग के एसएडीओ प्रदीप गर्ग ने बताया की विरेजर नामक दवाई डालने से सोयाबीन की लगभग 80 प्रतिशत फसल नष्ट हो गई है। आम तौर पर यह दवा धान की फसल में खरपतवार न जाती है उस दवा को सोयाबीन में डाले जाने के कारण खरपतवार नष्ट करने के लिए डाली जाती है।

### दुकानदार ने नहीं दिया पक्का बिल

किसानों का आरोप है दवा विक्रेता ने विरेजर नामक दवा सोयाबीन के खरपतवार नाशक बताकर दी थी। दवा विक्रेता ने सभी किसानों को पक्का बिल न देकर सादा पेपर पर कच्चा बिल थमा दिया। इस मामले में किसान जयराम सिंह यादव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को एक मोबाइल रिकॉर्डिंग भी दी है। जिसमें दुकान संचालक और किसान जयराम की के बीच फसल मरने की शिकायत किसान द्वारा की गई है। इस बातचीत में किसान जयराम ने कृषि सेवा केंद्र संचालक से सोयाबीन की फसल नष्ट होने का जिक्र किया है।

### इनका कहना है

हमने किसानों के खेतो के पंचनामा बना लिए है करीब 100 बीघा की सोयाबीन की फसल में नुकसान हुआ है। किसानों के बताए अनुसार हरसुख कृषि सेवा केंद्र पर टीम जांच करने पहुंची थी। लेकिन दुकान बंद मिली। यह बात सही है कि किसानों को गलत दवा दी गई थी। विरेजर दवा धान में चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार को नष्ट करती है इसी कारण सोयाबीन की फसल में लगभग 80 फीसदी नुकसान दिखाई दे रहा है। दुकानदार के विरुद्ध जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**प्रदीप गर्ग**
**एसएडीओ, कृषि विभाग**
**मुंगावली**

# नगर परिषद के पार्षदों ने की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से भेंट

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** पिपरई नगर परिषद के वार्ड पार्षदों ने मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर नगर की समस्याएं बताई।

विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह धाकरे के साथ पिपरई नगर परिषद के पार्षदों ने विधायक ब्रजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में गुना शिवपुरी लोकसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर अपने वार्ड की समस्याऐं रखी। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विशनबाई, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल यादव सहित अन्य पार्षदो ने पिपरई में बायपास रोड़ जो मुंगावली रोड़ बरखेड़ा से सेहराई रोड़ होते हुए अशोक नगर रोड़ पर मिलता है इसके शीघ्र निर्माण की मांग की। वहीं पिपरई में बस स्टेंड निर्माण, वार्ड नंबर



दो में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने की मांग रखी। जितेंद्र सिंह यादव मकतनखेड़ी ने पिपरई में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा खुलवाने के लिए निवेदन किया। इसके साथ ही परिषद के सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री से कई छोटे छोटे पहलुओं पर चर्चा की। सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन सिंधिया ने दिया है।

# स्कूल सुधार अभियान में विद्यालयों का निरीक्षण

**अशोकनगर।** स्कूल सुधार अभियान के तहत अशोकनगर विकासखंड में गुरुवार को स्कूलों का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जन शिक्षकों के द्वारा किया। जमीनी हकीकत जानने जब जनशिक्षक मौके पर पहुंचे तो कई शिक्षक अनुपस्थित मिले। अशोकनगर में SDM अनिल बनवारिया के निर्देशानुसार पर किया गया॥ निरीक्षण के दौरान माध?यमिक शाला पिपरिया राय में तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले तथा शाला बंद मिली। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय सेमरा हाट, खेजराहाट, हरि.वस?ती गौरा, बमनाई, सोनेरा तथा बेरखेडी सोनेरा में एकङ्कएक शिक्षक अनुपस्थित मिले। इसी प्रकार ईपीईएस सजावट में 5 शिक्षक गैरहाजिर मिले और शाला बंद पाई गई। प्राथमिक विद्यालय हरि.का.सेटेलाइट पलकटोरी में 2 शिक्षक अनुपस्थित मिले तथा शाला बंद पाई गई।

# सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा किया जाएगा प्रतिभाओं का सम्मान

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 28 जुलाई को परशुराम मंदिर सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में महामंडलेश्वर 1008 रामगोपाल दास महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी उपस्थित रहेंगे। इस समारोह में कक्षा 10 एवं 12 में 70त्न ऊपर अंक लाने वाली जिले की प्रतिभाओं के साथ खेल जगत में सामाजिक क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने बाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि समाज की प्रतिभाएं का सम्मान कर उनका गौरव बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य है ताकि युवा संस्कृति राष्ट्र में समाज में आगे आए। युवाओं से ही राष्ट्र निर्माण




होगा, संस्कृति की रक्षा होगी। इस मौके पर दीपक मिश्रा ने आह्वान किया युवा धर्म संस्कृति से जुड़े समाज सेवा में आगे आए सभी समाजजन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि जो प्रतिभाएं अगर किसी कारण से उपस्थित नहीं हो सकते तो परिजन भी सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके बड़ी संख्या में युवा समाज सेवी मौजूद रहे। बैठक में ट्रस्ट के आरपी उपाध्याय, हरिओम शर्मा छेवलाई, हरिओम नायक, लखन शर्मा नवचेतन, राजेश शर्मा, ओपी शर्मा,महेन्द्र भारद्वाज, वीरू संजीव बोहरे, वीरू बलराम बोहरे, सुनील बोहरे, ऋषि शर्मा, रामकुमार शर्मा, देवेश शर्मा, सुरेश शर्मा,विश्वाशु चतुर्वेदी, शशिकांत भार्गव, कमलेश शर्मा, लखन शर्मा, अभिषेक शर्मा, बकुल त्रिपाठी, धर्मेन्द्र तिवारी, चंद्रमोहन शर्मा,दीपक शर्मा, आनंद शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# संभागीय खेल प्रतियोगिता में जिले के जवानों ने मारी बाजी

## 22 पदकों के साथ अव्वल रहा जिला, विजेता पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

**अशोकनगर।** ग्वालियर संभाग की 32 वीं जोन स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में अशोकनगर पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और 22 पदक जीतने हुए जिले के साथ पुलिस का भी नाम रोशन किया है। इस खेल प्रतियोगिता में पुलिस खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड, 8 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफलता पाई है। अलग-अलग खेलों में पदक जीतने वाले पुलिस खिलाड़ियों का अशोक नगर पुलिस अधीक्षक विनीत जैन ने हौसला-अफजाई करते हुए नगद पुरस्कार की भी घोषणा की है।

जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में यह पहला मौका है। जब जिले के पुलिस खिलाड़ियों ने 22 पदक जीते हैं। इस प्रतियोगिता में संभाग के



तमाम जिलों के पुलिस खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें से जिले के पुलिस खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने बताया कि खिलाड़ियों को आगे की तैयारियों के लिए और बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

महिला आरक्षक शिवानी दुबे द्वारा जूडो 63 चद्द वर्ग में गोल्ड, पावर लिफ्टिंग 63 Kg वर्ग में गोल्ड, भाला फेक में सिल्वर और शोटपुट में ब्रांन्ज मेडल जीता। आरक्षक पवन बघेल द्वारा जूडो 73 Kg वर्ग में गोल्ड, कुश्ती 73 Kg वर्ग में गोल्ड, पावर लिफ्टंग में गोल्ड, 1500 मीटर दौड में सिल्वर और दौड़ में ब्रांज मेडल, आरक्षक गजेन्द्र यादव द्वारा कुश्ती 74 Kg वर्ग में गोल्ड, पावर लिफ्टिंग 74 Kg वर्ग में सिल्वर एवं दौड में ब्रांज मेडल जीते हैं।

नव आरक्षक राम प्रकाश गुर्जर ने 1500 मीटर दौड में गोल्ड, 800 मीटर दौड में सिल्वर और दौड में ब्रांज मेडल, नव आरक्षक आशुतोष ने 800 मीटर दौड में ब्रांन्ज, दौड में ब्रांन्ज मेडल, आरक्षक जय गोपाल ने कुश्ती 97 Kg वर्ग में सिल्वर, पावर लिफ्टिंग 90 चद्द वर्ग में सिल्वर, 5 Kg दौड में सिल्वर, वेट लिफ्टिंग 90Kg वर्ग में जीता है। मौके पर ही पुलिस अधीक्षक ने सभी को इस जीत की खुशी में पुरस्कृत किया।

# एक सप्ताह से आदिवासी बस्ती में अंधेरा, लाइट चालू कराने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन

**अशोकनगर।** जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ी मुल्लाखेड़ी गांव की आदिवासी बस्ती में बीते एक सप्ताह से बिजली नहीं आई। लाइट ना आने से परेशान होकर ग्रामीण गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने बिजली चालू कराने की मांग का नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा की वह लाइट ना आने के कारण से काफी परेशान हैं।



ग्रामीणों ने बताया की गांव में आठ दिन से डीपी खराब पड़ी है। गांव में एक सैकड़ा से अधिक घर हैं। बारिश के मौसम में अंधेरा रहने के कारण से जीव-जंतु के काटने का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि आठ दिनों से अंधेरे में पड़े रहने के कारण परेशान होकर वह बिजली चालू करने की मांग को लेकर आए हुए हैं। इस दौरान तहसीलदार ने संबंधित विभाग में मौके से ही फोन का सूचना दी। जिसके बाद तहसीलदार मयंक तिवारी ने कहा कि गांव में नामांतरण बटवारा सहित कुछ मामले पड़े हो तो वह निराकरण करा ले। साथ ही कहा कि वह गांव में जाकर इस प्रकार की समस्याओं को सुनेंगे।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, शुक्रवार 26 जुलाई 2024



# शालाओं में स्काउट दलों का संचालन अनिवार्य रूप से करे - भार्गव

## स्काउट गाइड द्वारा आयोजित की गई संस्था प्रधान संगोष्ठी





**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्तर के स्कूलो में स्काउट गाइड की गतिविधियों को सक्रियता से चलाने के लिए आज संस्था प्रधान संगोष्ठी का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बुंदेला नगर में किया गया।संस्था प्रधान संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश भार्गव बिशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मुख्य आयुक्त विक्रम बुंदेला व जिला संघ के अध्यक्ष माधवेन्द्र सिंह परिहार उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एस के अग्रवाल ने की।इस अवसर पर जिले की बिभिन्न शालाओ के 104 प्राचार्यगण उपस्थित रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ स्काउट प्रार्थना दया कर दान भक्ति का हमे परमात्मा देना के गायन के साथ किया गया।संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए जिपं सीईओ कमलेश भार्गव ने उपस्थित प्राचार्यो को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड विधार्थियो के व्यक्तित्व निर्माण की पवित्र संस्था है।संस्था की गतिविधियों का शाला स्तर पर सफल संचालन हो इसमें प्राचार्यो की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए ।स्कूलो में अध्ययनरत बच्चों को स्काउट गाइड के प्रगतिशील पाठ्यक्रम का लाभ मिलना चाहिए। जिससे जिले के स्काउट गाइड का राज्यपाल व राष्ट्रपति अवार्ड के लिए चयन हो सके।बिशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित स्काउट गाइड जिला संघ के अध्यक्ष माधवेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि आज नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ संस्कारो से जोड़ना चुनौती बन गया है। बच्चों को सदमार्ग पर ले जाने व उनमें नैतिक मूल्यों के विकस के लिए स्काउट गाइड जैसी संस्था से जोड़ना जरूरी है।अध्यक्षीय उदबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी एस के अग्रवाल ने कहा कि उपस्थित प्राचार्य अपनी संस्थाओं से स्काउट गाइड ,एनसीसी व एनएसएस की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए शिक्षकों को पाबंद करे।इन गतिविधियों के संचालन में कोताही को बर्दाश्त नही किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था प्राचार्य कपिल तांबे,डीओसी अतिबल सिंह सचिव राजेश कतरोलिया, डीटीसी अभिराम शर्मा,लक्ष्मी राय, जयराम पटवा, लक्ष्मण पैंकरा,उन्मेष गोस्वामी, दिलीप व्यास, बिपिन बौद्ध,अर्चना जाटव, संघप्रिय राहुल, अवधेश पटेरिया, श्याम बिहारी अवस्थी, सी एल बर्मा, एस के झा, अशोक राजपूत, राममोहन श्रीवास्तव ,रमाकांत निरंजन,गीता अहिरवार, घनश्याम दास के अलावा बड़ी संख्या में शाला प्रभारी मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कलेक्टर संदीप कुमार के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद शर्मा द्वारा शहर में स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और साफ सफाई रखने के निर्देशित दिए गए। उनाव रोड दतिया पर स्थित बालाजी दूध भंडार प्रोपराइटर श्याम बिहारी गुप्ता से मिश्र दूध के दो नमूने लिए गए।

तहसील सेवढ़ा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सविता सक्सेना द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की गई सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को साफ सफाई से कार्य करने एवं खाद्य पदार्थ ठीक ढंग से ढक कर रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मिलावट की आशंका से अभिषेक नामदेव बालाजी मिष्ठान भंडार भगुवापुरा सेवढ़ा से मावा पेड़ा व मैदा के नमूने तथा कल्याण सिंह मां रतनगढ़ मिष्ठान भंडार भगुवपुरा सेवढ़ा से बर्फी का नमूना संग्रहित किये गए। उक्त सभी नमूनों को राज्य खाद प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा जाएगा तथा वहां से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया



अमरूद और छाया दार पौधों का वृक्षारोपण किया साथी उपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि एक पौधा अपनी मां के नाम जरूर लगाए जिससे आने वाले समय में वह पौधे

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीओ और कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण मंडल के झिरका बाग स्थित भगवान के शंकर जी के मंदिर के पास पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीपल नीम बरगद आपको छाया दें और स्वच्छ वातावरण भी दें और जो पौधे आज लगाए हैं उनका ध्यान भी रखें समय पर उनको पानी दे और उनकी सुरक्षा करें इस मौके पर जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी मंडल अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा कुलदीप यादव गोरव दुबे दशरथ कुशवाहा नारायण कुशवाहा सागर पुरोहित सोनू शर्मा विष्णु साहू अमित साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोजगार कार्यालय दतिया को अनुभवी मनौवैज्ञानिक व विषय विषेषज्ञों की आवश्यकता

**दतिया।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग योजनान्तर्गत शिक्षित बेरोजगार आवेदकों को उनकी आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस हेतु कार्यालय को अनुभवी मनोवैज्ञानिक व विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। ताकि समय-समय पर स्कूलों, कॉलेजों में कैरियर काउंसिलिंग का कार्यक्रम संचालित किया जा सके। ध्यान रहे कि यह किसी प्रकार की जॉब नहीं है इसमें आवश्यकतानुसार काउंसलिंग हेतु आमंत्रित किया जायेगा। मनोवैज्ञानिक हेतु अनिवार्य योग्यता एमए मनोविज्ञान, पीजी डिप्लोमा साइकलोजी या इन कैरियर काउंसलिंग अथवा समकक्ष योग्यता, विषय विशेषज्ञ हेतु डिग्री डिप्लोमा साथ ही एडमीशन, प्रतियोगी परीक्षाओं या स्वरोजगार के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए।

# मिशन शक्ति के तहत् कार्यक्रम आयोजित



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** महिला एवं बाल विकास दतिया द्वारा कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द उपाध्याय के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में 22 जुलाई से 25 जुलाई 2024 तक जिले में ग्राम, वार्ड स्तर, स्कूल, आंगनबाड़ी स्तर पर परियोजना अंतर्गत महिला कानूनों पर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया है। जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं, किशोरी बालिकाओं एवं स्कूली छात्राओं शौर्यादल के सदस्यों एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा सभागिता की गई।

विभाग द्वारा संकल्प हब फॉर इम्पारमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत् 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उन्हें शासन द्वारा उनके लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, लाड़ली बहना योजना, महिला हैल्प लाईन आदि की जानकारी दी जाकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 जुलई से 25 जुलाई 2024 तक महिला कानूनों पर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के हितों की रक्षा एवं उनकी सुरक्षा हेतु शासन द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कानून जैसे घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

# कलेक्टर ने किया एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने भाण्डेर पहुंचकर एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम नीरज शर्मा एवं तहसीलदार सुनील कुमार प्रभाकर एवं स्टॉफ को कार्यालय में काफी दिनों से लंबित प्रकरणों को देखकर नाराजगी प्रकट करते हुए सख्त निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम लोग शासन द्वारा नियुक्त आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए नियुक्त किये गए है ना कि उनकी समस्याओं को बढ़ाने के लिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक नागरिक को इतना समय नहीं है कि वह अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाते रहे।

कलेक्टर माकिन ने निरीक्षण के दौरान सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन ने किसी भी प्रकरणों को समय-सीमा में तत्काल निराकरण के निर्देश दिए है। यदि कोई प्रकरण में किसी कारणवश समय लग रहा है तो उससे संबंधित व्यक्ति को समय अवधि दी जाए ताकि वह नागरिक समय अवधि में आप के कार्यालय उपस्थित हो सके। उन्होंने कहा कि आपके कार्यालय में कोई भी प्रकरण आये उसकी नियमानुसार पंजी में आवक होनी चाहिए तथा प्रकरण निराकरण पर पंजी में निराकरण दिनांक का भी उल्लेख होना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर माकिन के साथ अपर कलेक्टर विनोद भार्गव, भाण्ड़ेर एसडीएम नीरज शर्मा, तहसीलदार भाण्डेर सुनील कुमार प्रभाकर सहित स्टॉफ के कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# मौत को निमंत्रण देता विद्युत मंडल का ट्रांसफार्मर



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** गांधी रोड तिगलिया पर एसबीआई बैंक के पास ट्रांसफार्मर आए दिन खराब हो रहा। 2 दिन पहले 24 घंटे में सिर्फ 2 घंटे लाइट रही।थोड़ी राहत की सांस के बाद कल रात्रि से शाम 5.30 तक लाइट में फ्लक्चुएशन होता रहा।जिससे 500से अधिक परिवार परेशानी का सामना कर रहे है।भोपाल ऑनलाइन शिकायत पर कोई कारवाही नही हो रही है अधिकारी से शिकायत करने पर 0752227213 नंबर दिया गया।जब सुधारने आए विद्युत कर्मी से परेशानी के बारे में पूछा गया तो उसने बताया की केबल पूरी तरह से जल चुकी है। मौके पर वीडियो बनाया गया। अधिकारी वीडियो के माध्यम से देख ले की लाइट क्यों खराब है। केबल जोड़ने के बाद लाइट में कोई सुधार नहीं आया।लाइट यथावत स्थिति में है।साथ ही खुली केबल मौत को बुलावा दे रही है।

# भारतीय किसान संघ तहसील इकाई द्वारा उद्योगों के पानी से किसानों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति की मांग हेतु कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया

दिनेश मंडोवरा

**नागदा ( चम्बल नवराष्ट्र )।** भारतीय किसान संघ नागदा तहसील इकाई अध्यक्ष लीलाधर पटेल के नेतृत्व में स्थानिय उद्योगों के द्वारा नाले के माध्यम से नदी में केमिकल युक्त एवं जेहरिला पानी की वजह से हुए किसानो को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति करने हेतु कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन एसडीएम नागदा को दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि नागदा के स्थनिय उद्योग जैसे ग्रेसिम, लेक्सेस, केमिकल डिविजन, आदि के द्वारा नाले के माध्यम से चंबल नदी में कास्टीक एसीड, एवं अन्य प्रकार के रसायनिक प्रदार्थ छोड़े जा रहे है। जिस कारण चंबल नदी के किनारे बसे गांवों के पशु चंबल नदी के केमिकल युक्त एवं जेहरिला पानी पिने के कारण मर रहे है। पिछले 45 दिनों में तीन चार घटनाएं हो चुकी है। जिसमे निम्न भगतपुरी के किसानों के पशुओं की मृत्यु हुई है- रघुविरसिंह पिता नन्दाजी गुर्जर की 5 भैसों की मृत्यु हो चुकी है एवं लालसिंह पिता मोतीसिंह की 2 भैसों की मृत्यु हो चुकी है एवं दिनेश पिता रामूलाल गुर्जर की 2 भैसों की मृत्यु हो गई है। इन किसानो को बाजार मुल्य के आधार पर क्षतिपुर्रि्त उद्योगो से दिलवाई जाने की मांग की गई । इसी प्रकार पूर्व में भगतपुरी, जुना नागदा एवं परमारखेड़ी आदि के कई पशुओं की मृत्यु हुई थी। इस केमिकल युक्त पानी के कारण परमारखेड़ी व कई गांवों में नवजात शिशुओं पर प्रतीकुल प्रभाव के कारण विकलांगता का प्रतिशत बढ़ रहा है जो कि स्थानिय लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इसी केमिकल युक्त एवं



जेहरिले चंबल नदी के पानी से क्षेत्र की हजारों एकड़ जमीन बंजर हो रही है। यह भी किसानों की एक बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है।

पटेल ने बताया कि स्थानिय उधोग की जहरिली गैस के कारण क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में फल एवं सब्जीयों की फसले प्रभावित हो रही है और उनकी पैदावार कम होने के कारण किसानों ने खेती करना बंद कर दिया है। जैसे मिरची, टमाटर, कपास, गुवांरफली, भिण्डी, एवं कई हरी सब्जीया।

पटेल ने आगे बताया कि क्षेत्र में घोड़ा रोज एवं जंगली सुवरों का भी अतंक बहुत बड़ गया है जिस कारण किसानों की फसल नष्ट हो रही है जिसके कारण किसानों का भारी नुक्सान हो रहा है। कृप्या कर इन जंगली जानवरों को पकड़ कर इस समस्या से किसानों को निजाद दिलाया जाए। स्थानिय उद्योगों द्वारा नाले के माध्यम से केमिकल युक्त जेहरिला पानी छोड़ा जा रहा है। उसको न छोड़ते हुए शासन प्रशासन जेहरिले पानी के लिए समुचित्त व्यवस्था करे जिससे आने वाले समय में उक्त घटना घटीत न हो। जिससे किसानों को उनकी समस्यों से राहत मिल सके। पूर्व मे भी इसी विषय को लेकर कई बार ज्ञापन दिया गया परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई

भारतीय किसान संघ ने मांग की है कि उपरोक्त सभी समस्याओं का निराकरण 10 दिवस में किया जाए अन्यथा भारतीय किसान संघ उग्र अंदोलन करने के लिए बाध्य रहेगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

इस अवसर पर बहादुरसिंह आंजना जिला मंत्री, उदयसिंह आंजना संभागीय उपाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य नागुसिंह आंजना, यशवंत आर्य, राजाराम सेकवाडिया, तहसील अध्यक्ष लीलाधर पटेल, मंत्री प्रकाश राठौड, उपाध्यक्ष बद्रीलाल, फतेसिंह, युवा वाहिनी संयोजक ईश्वरसिंह, राजेन्द्रसिंह आंजना, कार्यकारिणी सदस्य प्रभुसिंह, रामचन्द्र, श्याम शर्मा, रामरतन, प्रेमसिंह, ईश्वरसिंह, प्रेमलाल, अजयसिंह, यशवंत, उन्हेल नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश मदारिया, खाचरौद तहसील मंत्री श्यामबाबु बम्बोरिया, भानुप्रतापसिंह, गोपालसिंह, रघुसिंह, लालसिंह, दशरथसिंह, भारतसिंह, विशाल सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंत्री रावत पहुंचे महाकाल मंदिर, नंदी हॉल में बैठकर लिया भगवान का आशीर्वाद



**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार को प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने अपने विभाग में पद संभालने के बाद उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल का दर्शन पूजन किया। मंत्री रावत ने नंदी हॉल में कुछ देर बैठकर भगवान का ध्यान किया।

प्रदेश शासन के नवनियुक्त वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने पदभार ग्रहण करने के बाद गुरुवार को उज्जैन पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कर पूजा – अर्चना की। कुछ देर नंदी हॉल में उन्होंने भगवान महाकाल का ध्यान लगाया।

दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाकर मध्यप्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के कार्य पर विशेष ध्यान देंगे। दर्शन के बाद मंत्री रावत वापस भोपाल रवाना हुए।

## अपने भूखंड तथा कृषि भूमि को समग्र आईडी तथा आधार से ई केवाईसी करवाये

**रतलाम।** जनहित में सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी खाताधारक भूमि स्वामी, भूखंड धारक, मकान मालिक जिनका नाम खसरा अभिलेख में दर्ज है उनको अपने भूखंड एवं कृषि भूमि को समग्र आईडी तथा आधार कार्ड से ई केवाईसी करना अत्यंत आवश्यक है।अपनी भूमि को गड़बड़ियों से सुरक्षित रखने हेतु भूखंड, मकान, दुकान, कृषि भूमि को सुरक्षित रखने हेतु नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर कृषि भूमि, भूखंड, मकान की केवाईसी अवश्य करवाए। प्रभारी अधिकारी भूअभिलेख ने बताया कि भूमि के खसरे को समग्र से लिंक करने हेतु सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट samagra.gov.in पर जाएंगे समग्र होम पेज पर 'समग्र प्रोफाइल अपडेट करें ' पर जाना है वहां पर 'ई केवाईसी और भूमि लिंक करें' पर क्लिक करना है।

## इलाज के दौरान मासूम की मौत के बाद क्लीनिक सील

### फर्जी डिग्री से कर रहा था इलाज

**उज्जैन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** उज्जैन के पण्ड्याखेड़ी में क्लिनिक संचालित करने वाले फर्जी डॉक्टर का क्लिनिक सील कर दिया। डॉक्टर पर मासूम को गलत इंजेक्शन लगाने और इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है।गुरुवार को डॉक्टर के क्लिनिक को सील कर दिया।



उज्जैन पंड्या खेड़ी के चावड़ा क्लिनिक को डॉक्टर डॉ. मोहन चावड़ा संचालित करते हैं। आरोप है कि 6 अगस्त 2023 को इन्दर सिंह यादव के पुत्र के इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बाद जांच पूरी होने तक डॉ चावड़ा को क्लिनिक बंद करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद भी डॉ चावड़ा ने अपना क्लिनिक खोलकर इलाज करते रहे। शिकायत मिलने पर माधव नगर अस्पताल के अधीक्षक डॉ विक्रम रघुवंशी सहित डॉ. प्रदीप सोमेश और बाबू विकास राजपूत सहित पंवासा थाने की टीम ने कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया।

#### पुलिस भी मामला दर्ज करेगी

डॉ विक्रम रघुवंशी ने बताया कि आरोपी डॉक्टर मोहन चावड़ा के पास दवाई लिखने, इंजेक्शन लगाने सहित क्लिनिक चलाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने क्ख्वरू की डिग्री ली है। इसके बाद भी उनके क्लिनिक पर कई दवाई मिली है। बच्चे की मौत के बाद डॉक्टर चावड़ा का क्लिनिक आज सील कर रहे हैं। जल्द ही प्रतिवेदन बनाकर थाने भेजा जाएगा। इसके बाद पुलिस भी आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर सकती है।

## नगर पालिका गार्डन में 321 पौधे लगा कर पर्यावरण को संतुलित करने में योगदान दिया

**खाचरोद ( चम्बल नवराष्ट्र )।** एक वृक्ष माँ के नाम प्रधानमंत्री के आह्वान के अंतर्गत श्री रितेश बुपक्या द्वारा अपने पिता स्व श्री कनकमाल बुपक्या की पवन स्मृति में नगर पालिका गार्डन में 321 पौधे लगा कर पर्यावरण को संतुलित करने में योगदान दिया। कार्यक्रम मे अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री गोविंद भरावा ,उपाध्यक्ष श्री दिनेश ठान्ना, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र धाकड़, मॉर्निंग वाक ग्रुप के सदस्य संतोषी बरखेड़ा वाला, संजय मेहता, विजय बरडिया, रितेश बुपक्या, धर्मेंद्र जी चंडालिया, रमणलाल बुपक्या, आदि उपस्तित थे। अथितियो का स्वागत रीतेश बुपक्या और मॉर्निंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया गया। अतिथियो द्वार श्री रीतेश बुपक्या की इस पहल




का स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर पर्यावरणप्रेमी श्री राजेन्द चोहान ,रणछोड नायमा तथा बबलू शर्मा का अभीनन्दन्न भी कीया गया । संचालन सुज्ञान बरखेडावाला ने कीया ओर आभार मार्नीगवाक ग्रूप के राजेन्द धाकड ने माना । रितेश बुपक्या द्वारा मॉर्निंग वॉक ग्रुप के बैनर तले पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या समाजजन एवं बुपक्या परिवार के सभी सदस्य एवं नगर पालिका की पूरी टीम ने उपस्थित होकर व्रक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया।

## राष्ट्रीय हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हेपेटाइटिस के विषय में प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया - डॉ. माथुर

**तराना( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार पटेल के निर्देशानुसार एवं प्रमुख विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमोद अर्गल की उपस्थिति में महामारी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आदित्य माथुर द्वारा विकासखंड तराना के समस्त सेक्टर मेडिकल ऑफिसर ,समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ,एएनएम आदि को राष्ट्रीय हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हेपेटाइटिस के विषय में प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया ?। डॉ माथुर द्वारा हेपेटाइटिस



बीमारी के लक्षण उसके बचाव के एवं उपचार के विषय में विस्तार से बतलाया गया । प्रशिक्षण में डॉक्टर रवि बडाल ,डॉक्टर अर्पित जैन , दंत चिकित्सक अदम्य कनोजे,बीईई रामचरण भॅवरासिया आदि उपस्थित थे ।उपरोक्त जानकारी बीईई रामचरण भॅवरासिया द्वारा दी गई

# भारत के पुरातन ज्ञान को नूतन संदर्भ में शिक्षा में समावेश करने की आवश्यकता : मंत्री परमार

## नवाचार, शोध और अनुसंधान के केंद्र बनेंगे विश्वविद्यालय, भारतीय ज्ञान परंपरा और शोध अनुसंधान राष्ट्रीय शोध कार्यशाला में शामिल हुए उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल(चम्बल नवराष्ट्र)। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि भारत का ज्ञान विश्व मंच पर सबसे पुरातन और सर्वश्रेष्ठ ज्ञान है।यह ज्ञान परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। शोध एवं अनुसंधान के आधार पर भारतीय ज्ञान परम्परा एवं मान्यता स्थापित हुई हैं। हर विधा-हर क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परम्परा के युगानुकुल एवं वर्तमान वैश्विक आवश्यकतानुरूप, पुन: शोध एवं अनुसंधान कर दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है।

उच्च शिक्षा मंत्री परमार गुरुवार को राजधानी भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर स्थित ज्ञान विज्ञान भवन में भारतीय ज्ञान परंपरा और शोध अनुसंधान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे । मंत्री परमार ने कहा कि शिक्षा में भारतीयता के भाव के समावेश और समाज में श्रेष्ठ नागरिक निर्माण के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा को शिक्षा में समाहित करने के लिये कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों का आयोजन प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा समावेशी शिक्षा के आलोक पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020भारत को स्वत्व के भाव के साथ विश्वमंच पर सिरमौर बनने के लिए प्रेरित करती है। इसके लिए हमें अपने गौरवशाली इतिहास, शौर्य, पराक्रम एवं उपलब्धियों पर गर्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है।

परमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विश्व को भारत पर गर्व है। विश्वभर के भारतवंशी, भारत को संकल्पों के साथ प्रगतिपथ पर आगे बढ़ता देख गौरवान्वित हैं। हमें भी देश की श्रेष्ठ परम्पराओं, त्याग एवं बलिदान आदि से प्रेरणा लेकर, विश्वगुरु भारत की संकल्पना को साकार करने में सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के पुरातन ज्ञान को नूतन संदर्भ में शिक्षा में समावेश करने की आवश्यकता है। शैक्षणिक संस्थानों में भारतीय ज्ञान परम्परा पर शोध और अनुसंधान के लिए वातावरण तैयार करना होगा।



मंत्री परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा से समृद्ध शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय नवाचार, शोध एवं अनुसंधान के केंद्र बनेंगे। परमार ने कहा कि भारत संपन्न और समृद्ध देश रहा है, इसलिए ऐतिहासिक कालखंडों में अंग्रेजों समेत सभी विदेशी आक्रांता भारत को लूटने आए थे। अंग्रेजों के आंकड़ों के अनुसार भारत 90प्रतिशत साक्षरता वाला देश था, यहां 7लाख से ज्यादा समाज द्वारा संचालित गुरुकुल थे। अंग्रेजों ने भारत की संस्कृति और शिक्षा को मिटाने का कुत्सित प्रयास किया, लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020के लागू होने से शिक्षा में भारतीय दर्शन और चिंतन पुन: जीवंत हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत के वसुधैव कुटुंबकम् के भाव में हमेशा से विश्व एवं लोक-कल्याण विद्यमान रहा है। भारतीय समाज आदिकाल से ही वृक्षों, नदियों एवं सूर्य आदि का पूजक समाज रहा है। सूर्य की ऊर्जा पर शोध करते हुए वर्ष 2047तक भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर देश होगा और दूसरे देशों में ऊर्जा आपूर्ति करने में सक्षम होगा। मंत्री परमार ने कहा कि वर्तमान वैश्विक तापमान वृद्धि के नियंत्रण एवं प्रकृति संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आज की आवश्यकता है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यावन के रूप में नवाचार किया है। विद्यावन विद्यार्थियों को सामाजिक एवं नैतिक दायित्व का बोध कराने की अभिनव पहल है।

मंत्री परमार ने कार्यशाला की सार्थकता एवं सफलता और शोध-अनुसंधान के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को प्रकृति संरक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल ने कहा कि बौद्धिक के साथ साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्माण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020का उद्देश्य है। इसके लिए शिक्षा नीति का विशेष ध्यान शोध एवं अनुसंधान में है। विद्यार्थियों में तार्किकता का विकास, चिंतन की दृष्टि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा पर शोध एवं अनुसंधान किया जा रहा है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. एस के जैन ने कहा कि शोध एवं अनुसंधान के लिए, शोधार्थियों के लिए विश्वविद्यालय के द्वार सदैव खुले हुए हैं। कार्यशाला की अवधारणा संयोजिका प्रो. रुचि घोष ने प्रस्तुत की और कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. पवन मिश्र ने किया। कुलसचिव डॉ. आई. के. मंसूरी ने आभार व्यक्त किया। विविध विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधार्थी, प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा कौन है स्कूल में घुसकर सेक्रेटरी पर किया जानलेवा हमला, डायरेक्टर को बनाया बंधक

## मैनेजमेंट ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लगाया आरोप



**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** राजधानी भोपाल के शाहपुरा इलाके में स्थित ओराइन्स इंटरनेशनल स्कूल में कुछ युवकों द्वारा तोड़फोड़ और स्कूल के चैयरमेन को बंधक बनाने का मामला सामने आया है।

युवकों ने स्कूल के सेक्रेटरी से भी मारपीट की और कांच से हमला कर लहूलुहान कर दिया। स्कूल के चैयरमेन और सेक्रेटरी का कहना है कि हमलावर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता थे।

दरअसल, घटना गुरुवार दोपहर 12:30 बजे की है। बावड़िया कलां शाहपुरा में ओराइन्स इंटरनेशनल स्कूल है। इस स्कूल के चैयरमेन ज्ञानेंद्र भटनागर (73) हैं। स्कूल में बतौर सेक्रेटरी उनके बेटे अभिनव भटनागर हैं। अभिनव के भाई आदित्य भटनागर ने बताया कि गुरुवार की दोपहर स्कूल में आठ-दस युवक घुस आए। उन्होंने स्वयं को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का कार्यकर्ता बताया। आदित्य ने बताया कि आरोपियों ने भाई के साथ बदसलूकी की। इसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट कर दी। एक आरोपी ने भाई के रूम में ही रखे एक कांच के सामान को फोड़कर उनके हाथ पर वार कर दिया। इससे स्कूल में दहशत फैल गई। इसके बाद आरोपियों ने पिता के रूम में तोड़फोड़ की। उन्हें उन्हीं के रूम में बंधक बनाए रखा।

स्कूल के चैयरमेन ज्ञानेंद्र भटनागर ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व विद्यार्थी परिषद के नाम से स्कूल में आए। सभी बच्चों और प्रिंसिपल कमलेश राठोर से विद्यार्थी परिषद में रजिस्ट्रेशन का चंदा मांगा। प्रिंसिपल ने मना करते हुए कहा कि इस तरह से सभी का चंदा संस्था नहीं दे सकती। जिनकी इच्छा होगी, वो अपना देंगे। इस पर कथित कार्यकर्ताओं ने कहा - नहीं, सभी बच्चों का एक साथ पैसा दे दीजिए। हम उनका रजिस्ट्रेशन कर देंगे। इसके बाद उन लोगों ने हंगामा किया। प्रिंसिपल कमलेश राठौर और मुझे कमरे में बंद कर दिया। मारपीट करने लगे। किसी तरह दरवाजा खोलकर बाहर निकला। तभी अभिनव भटनागर भी आ गए। उन्होने समझाने की कोशिश की। उन्होंने अभिनव से भी धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की। इसके बाद पूरे परिसर में वह लोग हंगामा करते रहे। हमले के बाद अभिनव भटनागर थाने पहुंचे, वहां पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण कराने के लिए जेपी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर तय किया जाएगा किन धाराओं में एफआईआर दर्ज करना है। घटनाक्रम के बाद आरोपियों के स्कूल से निकलते हुए वीडियो फुटेज भी सामने आए हैं।

# विद्युत संबंधी विषयों के त्वरित निराकरण के लिये राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा विद्युत संबंधी राज्य स्तरीय विषयों के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय के लिये राज्य स्तरीय विद्युत अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार सचिव वित्त विभाग, प्रबंध संचालक, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, आयुक्त भू-अभिलेख, पुलिस महानिदेश के प्रतिनिधि (एडीजी/आईजी स्तर के), प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम लिमिटेड को सदस्य और विशष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी ऊर्जा विभाग को समिति में सदस्य संयोजक होंगे। समिति उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत उपभोग की प्रवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन करने और प्रभावी राजस्व प्रबंधन में सहयोग करेगी।

# लोको पायलट को अचानक ट्रैक दिखना हुआ बंद, जान पर खेल गया ट्रैकमैन, ऐसे ट्रेन को निकाला सुरक्षित

**जबलपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** इन दिनों पूरे भारत में भयंकर बारिश हो रही है, लेकिन इसके बावजूद रेल गाड़ियां अपनी पूरी रफ्तार से चल रही हैं। इस रफ्तार को बरकरार रखने के लिए रेलवे के ट्रैकमैन अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। जबलपुर से कटनी के बीच में रेलवे ट्रैकमैन के एक दल ने अपनी जान जोखिम में डालकर एक सवारी गाड़ी को पानी में डूबे हुए ट्रैक से पार करवाया। यहां रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है, जिससे दूर-दूर तक ट्रैक नजर नहीं आ रहा है।

जबलपुर के आसपास बीते 3 दिन में 5 इंच से ज्यादा बारिश हुई है। इस बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं। जबलपुर से कटनी के बीच में स्लीमनाबाद के पास लगातार हुई बारिश की वजह से रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है और पटरियां दिखाई देना बंद हो गई हैं। ऐसी स्थिति में यहां से गुजर रही एक सवारी गाड़ी को निकलने में रेलवे ट्रैकमैन की टीम ने मदद किया। ट्रैकमैन ट्रैन के आगे पैदल चलकर लोको पायलट को ट्रैक की जानकारी दी और रेलगाड़ी को आगे बढ़ने का इशारा किया। जहां तक पानी भरा हुआ था वहां तक ये ट्रैकमैन पटरियों को जांचते हुए आगे बढ़ते रहे। जैसे-जैसे ट्रैक मैन इशारा कर रहे थे उनके पीछे धीरे-धीरे ट्रेन आगे बढ़ रही थी ।



### आपात स्थिति में रोका जा सकता है परिवहन

पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की सुबह यह स्थिति बनी थी और गुरुवार को भी इस ट्रैक पर रेल गाड़ियों को सतर्कता से निकाला जा रहा है, क्योंकि बीते 24 घंटे से इस पूरे ट्रैक पर पानी रहा इसलिए मिट्टी कमजोर हो सकती है। हालांकि कहीं ट्रैक नहीं बहा है, नीचे यहां पथरीली मिट्टी है। लेकिन इसके बावजूद पानी में डूबे रहने की वजह से इस ट्रैक को एक बार फिर से जांचा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि लगातार ट्रैक की मॉनिटरिंग की जा रही है, यदि किसी प्रकार की आपात स्थिति बनती है तो रेलवे का परिवहन रोक दिया जाएगा।

# गांव नहीं पहुंची एंबुलेंस, दर्द से कराहती गर्भवती को खुली बैलगाड़ी से लाए परिजन, एंबुलेंस में डिलीवरी

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** बैतूल जिले में सड़क खराब होने से एक गर्भवती महिला को करीब डेढ़ किलोमीटर बैलगाड़ी में बैठाकर लाना पड़ा। इसी वजह से महिला ने 108 एंबुलेंस में ही एक बच्ची जन्म दिया। यह तस्वीर सरकार के वादे व विकास की पोल खोलती हुई नजर आ रही है। ये मामला घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र का बताया जा रहा है। जच्चा-बच्चा अस्पताल में भर्ती हैं।

जानकारी के अनुसार, संतलाल उइके निवासी धसई गांव की पत्नी ललिता उइके को गुरुवार सुबह से प्रसव पीड़ा हो रही थी जिसके बाद उन्होंने 108 एंबुलेंस को फोन किया गया, लेकिन गांव की सड़क बेहद खराब होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाई। इसके बाद परिजन महिला को प्रसव पीड़ा होने के कारण बैलगाड़ी में बैठाकर करीब डेढ़ किलोमीटर तक लेकर एंबुलेंस तक पहुंचे। इसके बाद महिला को 108 इमरजेंसी में शिफ्ट किया गया।



**महिला ने एंबुलेंस में दिया बच्ची को जन्म**-अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने के कारण एंबुलेंस कुछ ही दूर चली थी कि महिला ने गुवाड़ी के पास एक स्वस्थ बालिका को जन्म दिया। 108 ईएमटी आशीष नर्रे द्वारा महिला की डिलीवरी कराई गई,जिसके बाद महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में लाकर भर्ती किया गया। जहां जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। दोनों को भर्ती कर स्वास्थ्य जांच की जा रही है। बीएओ डॉ. शिव कुमार रघुवंशी ने बताया कि, महिला की 108 एंबुलेंस में डिलीवरी होने के बाद उसे शाहपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला और बच्चे दोनों स्वस्थ हैं, उनका इलाज चल रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 ( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)